>

Title: Need to generate electricity using Coal Bed Methane in Nagaur, Rajasthan.

**श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) :** अध्यक्ष महोदय, वर्तमान में देश में ऊर्जा की भारी कमी है। ज्यों ज्यों उपभोक्ता, आबादी, उद्योग व कृषि का क्षेत्र बढ़ेगा, त्यों-त्यों इसकी कमी बढती रहेगी। विश्व में पानी से पैदा होने वाली बिजली सबसे सस्ती होती है और इसके बाद सस्ता उत्पादन सिर्फ भूमिगत कोयले को जला कर गैस उत्पादन कर उससे विद्युत उत्पादन होता है। इसमें वही कोयला काम में लिया जाता है जो घटिया ग्रेड का होता है व उसका खनन मंहगा पड़ता है। ऐसी विधि से गुजरात में गैस निकाल कर, विद्युत उत्पादन किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है।

ऐसे कुएं नागौर जिले में मेड़ता के पास कोल इंडिया लि0 ने खोद रखे है। मेरा आग्रह है कि इन कुओं से गैस निकाल कर विद्युत का उत्पादन शुरू करें, ताकि राजस्थान सहित सम्पूर्ण भारत में ऊर्जा की कमी को कम किया जा सके।